**भारत सरकार**
**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 981**
**10.02.2025 को उत्तर के लिए**

**भारत वन स्थिति रिपोर्ट, 2023**

**981. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डीः**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या दिसम्बर, 2024 में जारी भारत वन स्थिति रिपोर्ट, 2023, वर्ष 2021 से देश के वन और वृक्ष आवरण क्षेत्र में 1445 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि के साथ इसके बढ़कर 8.27 लाख वर्ग किलोमीटर होने का संकेत देती है;

(ख) यदि हां, तो आंध्र प्रदेश के जिलों सहित इस वृद्धि का राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या देश के पश्चिमी और पूर्वी घाटों में वन आवरण क्षेत्र में कमी आई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

(क) से (घ): भारतीय वन सर्वेक्षण, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 21 दिसंबर, 2024 को जारी भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर)-2023 दर्शाती है कि आईएसएफआर-2021 की तुलना में देश के वन और वृक्षावरण में 1445.81 वर्ग किलोमीटर की निवल वृद्धि हुई है। देश में कुल वन और वृक्षावरण 8,27,356.95 वर्ग किलोमीटर है, जो देश के भौगोलिक क्षेत्रफल का 25.17% है। संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में वन और वृक्षावरण में हुई वृद्धि का ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है। आंध्र प्रदेश के उन जिलों का ब्यौरा जिनके वनावरण में वृद्धि दर्ज की गई है, **अनुबंध-II** में दिया गया है।

आईएसएफआर-2023 के अनुसार, देश का वनावरण 7,15,342.61 वर्ग किलोमीटर है जिसमें पश्चिमी घाटों के पारि-संवेदनशील क्षेत्र भी शामिल हैं। इसके अलावा, आईएसएफआर-2013 और आईएसएफआर-2023 के बीच देश में पिछले 10 वर्षों के दौरान वनावरण में 16,630.25 वर्ग किलोमीटर की निवल वृद्धि हुई है, जिसमें पश्चिमी घाटों के पारि-संवेदनशील क्षेत्रों में अति सघन वन की श्रेणी में 3,465.12 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि शामिल है।

*******

**अनुबंध I**

**'भारत वन स्थिति रिपोर्ट, 2023' के संबंध में दिनांक 10.02.2025 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 981 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**आईएसएफआर 2021 और आईएसएफआर 2023 के बीच की अवधि में वन और वृक्षावरण में वृद्धि दर्शाने वाले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का ब्यौरा**

**(क्षेत्रफल वर्ग किलोमीटर में)**

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | वृक्षावरण सहित कुल वनावरण 2021 | वृक्षावरण सहित कुल वनावरण 2023 | वनावरण और वृक्षावरण में वृद्धि |
|---|---|---|---|
| छत्तीसगढ | 61,666.83 | 62,350.45 | 683.62 |
| दिल्ली | 366.42 | 371.31 | 4.89 |
| गुजरात | 21,484.85 | 21,648.93 | 164.08 |
| हरियाणा | 3,180.07 | 3,307.28 | 127.21 |
| हिमाचल प्रदेश | 16,338.97 | 16,435.42 | 96.45 |
| झारखंड | 27,116.37 | 27,403.33 | 286.96 |
| केरल | 24,951.54 | 24,965.30 | 13.76 |
| महाराष्ट्र | 65,326.67 | 65,383.41 | 56.74 |
| मिजोरम | 18,379.84 | 18,558.26 | 178.42 |
| ओडिशा | 58,038.44 | 58,597.01 | 558.57 |
| पंजाब | 3,144.47 | 3,321.24 | 176.77 |
| राजस्थान | 26,994.87 | 27,389.33 | 394.46 |
| सिक्किम | 3,403.85 | 3,406.73 | 2.88 |
| उत्तर प्रदेश | 23,437.53 | 23,996.72 | 559.19 |
| उत्तराखंड | 25,528.40 | 25,534.97 | 6.57 |
| पश्चिम बंगाल | 19,744.72 | 19,770.45 | 25.73 |
| चंडीगढ़ | 40.52 | 46.18 | 5.66 |
| दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव | 260.81 | 262.45 | 1.64 |
| जम्मू और कश्मीर | 24,922.11 | 25,013.36 | 91.25 |
| लक्षद्वीप | 27.11 | 27.26 | 0.15 |
| पुदुचेरी | 71.85 | 73.20 | 1.35 |

****

**अनुबंध-II**

**'भारत वन स्थिति रिपोर्ट, 2023' के संबंध में दिनांक 10.02.2025 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 981 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**आईएसएफआर 2023 के अनुसार, वनावरण में वृद्धि दर्शाने वाले आंध्र प्रदेश के जिलों का ब्यौरा**

**(क्षेत्रफल वर्ग किलोमीटर में)**

| **जिला का नाम** | **आईएसएफआर 2021 और आईएसएफआर 2023 के बीच की अवधि में वनावरण में वृद्धि** |
|---|---|
| बपतला | 2.10 |
| गुंटूर | 0.25 |
| काकीनाडा | 4.12 |
| कोनासीमा | 10.68 |
| कृष्णा | 9.34 |
| श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | 17.77 |
| श्री सत्य साईं | 0.78 |
| श्रीकाकुलम | 6.04 |
| विजयनगरम | 35.35 |
| पश्चिमी गोदावरी | 9.16 |

****